पंत्रांक 1/80/नीलामी पार्किंग/17–18–953
भारत सरकार
भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण
पटना मंडल, जे0 सी0 रोड

पटना, दिनांक 19 AUG 2025

## निविदा–सह–नीलामी सूचना

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा उप मंडल, सासाराम के अन्तर्गत संरक्षित **स्मारक शेरशाह सूरी का मकबरा**, सासाराम में साइकिल, मोटर साइकिल, कार एवं अन्य वाहनों की पार्किंग हेतु **उक्त स्मारक क्षेत्र** में बनें पार्किंग स्थल **(क्षेत्रफल 630 वर्ग मीटर)** की नीलामी हेतु **दिनांक 01.09.2025 से दिनांक 31.08.2026 तक (एक साल)** के लिए मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। **पार्किंग स्थल पर वाहन** पार्किंग की दर प्रत्येक वाहन प्रति दिवस हेतु निम्नलिखित हैः–

1. साईकिल प्रथम तीन घंटा के लिए– रू0 5/– तत्पश्चात् रू 5/– प्रति घंटा
2. दोपहिया वाहन प्रथम तीन घंटा के लिए– रू0 10/– तत्पश्चात् रू 10/– प्रति घंटा
3. ऑटो रिक्शा/जीप/कार प्रथम तीन घंटा के लिए– रू0 25/– तत्पश्चात् रू 25/– प्रति घंटा
4. बस प्रथम तीन घंटा के लिए– रू0 50/– तत्पश्चात् रू 50/– प्रति घंटा

इच्छुक व्यक्ति इस बावद् निविदा प्रपत्र नियम व शर्त सहित **रूपये 500/– मात्र** का भुगतान कर (जो लौटायी नहीं जाएगी) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, उप मंडल कार्यालय, सासाराम से किसी भी कार्यदिवस में दिनांक **20.08.2025** से **25.08.2025** तक प्राप्त कर सकते हैं इसके अलावा इस कार्यालय के वेबसाइट **www.asipatnacircle.gov.in** द्वारा भी निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। वेबसाइट से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की स्थिति में **रूपये 500/– मात्र** का डिमान्ड ड्राफ्ट (निविदा राशि) अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना मंडल, पटना, जिसका भुगतान किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक पटना के नाम देय हो, जमा करना होगा। सभी निविदा प्रपत्र दिनांक **26.08.2025 को 10.30 बजे** पूर्वाह्न **तक** अधीक्षण पुरातत्वविद् का कार्यालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना मंडल, पटना में अच्छी तरह भरकर जमा करना होगा। उसी दिन **11.00** बजे पूर्वाह्न में उक्त कार्यालय में उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष निविदा खोली जाएगी और बोली लगायी जाएगी।

प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ 10000/–**रूपये (दस हजार रूपये)** मात्र का डिमान्ड ड्राफ्ट (अर्नेस्ट मनी के रूप में) अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना मंडल, पटना, जिसका भुगतान किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक पटना के नाम देय हो, जमा करना होगा। बिना अर्नेस्ट मनी के निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा–सह–नीलामी में उच्चतम राशि बोलने वाले सफल व्यक्ति को बोली जाने वाली राशि का का कम से कम **50 प्रतिशत तत्काल तथा शेष** एक सप्ताह के अन्दर जमा करना होगा। समयावधि में भुगतान जमा नहीं करने पर उनकी निविदा रद्द कर दी जाएगी एवं अर्नेस्ट मनी जब्त कर ली जाएगी। निविदा प्रपत्र के साथ 10000/– रूपये (दस हजार रूपये) मात्र, जो अर्नेस्ट मनी की राशि है, सफल निविदा प्राप्त कर्ता को निविदा की अवधि **31.08.2026** के बाद उप अंचल प्रभारी द्वारा निर्गत **No Damage Certificate** प्राप्त होने के उपरान्त लौटायी जाएगी। इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.asipatnacircle.gov.in** पर प्राप्त कर सकते हैं।

अधीक्षण पुरातत्वविद् को किसी भी निविदा या समस्त निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार है।

19.8.2025
अधीक्षण पुरातत्वविद्